# सूचना
# पॉजिटिव पे सिस्टम

समस्त सम्मानीय अमानमदारो को सूचित किया जाता है कि चेक आधारित लेन देन हेतु सुरक्षा की दृष्टि से बैंको मे पॉजिटिव पे सिस्टम लागू किया गया है।

अतएव आप यदि बैंक द्वारा प्रदत्त चेक बुक से रू. 50000.00 से अधिक का चेक जारी कर रहे हो तो आपको निम्नानुसार प्रकिया का पालन कर जारी किये गये चेक का विवरण पॉजिटिव पे सिस्टम एप भरा जाना होगा जिससे आपके द्वारा जारी चेक अनुसार भुगतान होकर आपकी धनराशि की सुरक्षा हो सके । राशि रू. 500000.00 (रूपये पॉच लाख ) या उससे अधिक की राशि के चेक जारी करने पर इस सुविधा अंतर्गत जानकारी पॉजिटिव पे सिस्टम एप पर /कम्प्यूटर सिस्टम के माध्यम से भरा जाना अनिवार्य होगा। इस हेतू प्रकिया निम्नानुसार है–

1. सर्वप्रथम आपको अपने एंड्रॉइड मोबाइल मे गूगल प्ले स्टोर मे जाकर **JSKBKHANDWA Bank** एप डाउनलोड करना होगा।
2. तत्पश्चात **JSKBKHANDWA Bank** एप पर 6 अंकीय **MPIN** बनाया जाना होगा ।
3. इसके बाद **New** पर क्लिक कर आने वाली स्क्रीन कर पर चेक पर अंकित विभिन्न जानकारी यथा चेक का नंबर, चेक की दिनॉक, खाता नंबर फील्ड मे आने वाली सूची से खाता संख्या चुने ,एमआईसीआर कोड ,शॉर्ट अकाउंट नंबर मे 000000, ट्रॉजेक्शन नंबर (सेविंग खाते के लिये 10,करंट खाते के लिये 11 व सीसीओडी खाते के लिए 13), **Amount** मे राशि अंको मे भरे व **Payee** मे लाभार्थी का नाम भरे ।
4. इसके पश्चात सभी भरी गई प्रविष्टियो की अंतिम रूप से जॉच करने के लिये **Review** पर क्लिक करे।
5. आप अपलोड चेक इमेज पर क्लिक कर चेक की फ्रंट एवं बैक(आगे व पीछे) इमेज भी अपलोड कर सकते है।
6. यदि 5.00 लाख या उससे अधिक राशि के चेक जारी करने पर जानकारी पॉजिटिव पे सिस्टम एप या कम्प्यूटर सिस्टम के माध्यम से नही दी जाती है तो उस स्थिति मे सीटीएस के माध्यम से भुगतान हेतु प्राप्त चेक वापस होता है तो बैंक की जबाबदारी नही होगी ।

**अधिक जानकारी या किसी भी प्रकार की कोई कठिनाई की दशा मे संबधित बैंक शाखा मे संपर्क करे।**